卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 233 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦30 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# नई सोच, नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा भारत: नितिन

## शिवालिक कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रखा आत्म निर्भर भारत का विजन





देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में उच्च शिक्षा संस्थानों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं, युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कहा कि भारत केवल आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में नहीं बढ़ रहा, बल्कि ज्ञान, नवाचार, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के आधार पर विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता भी रखता है। शनिवार को सिंहनीवाला स्थित शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी एवं कॉन्क्लेव में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का विषय "विकसित भारत 2047 में उच्च शिक्षा का महत्व एवं योगदान" रहा। अपने संबोधन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि आज का भारत नई सोच, नई तकनीक और नए आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा केवल सरकारों के प्रयासों से पूरी नहीं होगी, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। विशेष रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में दिखा नितिन नवीन का कौशल

## सोशल इंजीनियरिंग के महारथी नितिन नवीन ने दिया सामाजिक ताने-बाने को साधने का मंत्र

देहरादून। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरा केवल संगठनात्मक बैठकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह उनकी गहरी राजनीतिक समझ, सामाजिक समीकरणों पर पकड़ और संगठन की जमीनी हकीकत को परखने की क्षमता का भी परिचायक बना। प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक की पूरी तैयारी और



सटीक जानकारी के साथ पहुंचे नवीन ने सांसदों, विधायकों, महापौरों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि आगामी चुनाव केवल संगठन की मजबूती, सामाजिक विस्तार और जनसंपर्क के दम (शेष पृष्ठ सात पर)

### जितना बड़ा पद, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी

देहरादून। तीन दिवसीय दौरे के दौरान नितिन नवीन ने यह एहसास कराया कि जितना बड़ा पद होता है, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी होती है। उनकी कार्यशैली ने यह साबित किया कि भाजपा में शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचने का रास्ता संगठन के प्रति समर्पण, मेहनत, सामाजिक समीकरणों की समझ और जमीनी पकड़ से होकर गुजरता है। उत्तराखंड दौरे के अंत तक उन्होंने संगठन के हर स्तर को सक्रिय करने के साथ-साथ आगामी चुनावी लड़ाई का स्पष्ट रोडमैप भी दे दिया।

# पूछा-पांडे जी चाहते क्या हो? जवाब मिला-सीबीआई जांच

देहरादून। प्रदेश की राजनीति में अक्सर विवादों में रहने वाले गदरपुर विधायक अरविंद पांडे एक बार फिर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में चर्चा में आ गए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान जब विधायकों को अपनी बात रखने का अवसर मिला तो अरविंद पांडे ने अपने ऊपर लग रहे भूमाफिया के आरोपों का मुद्दा राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने उठाया। पांडे ने कहा कि उन पर भूमाफिया जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि प्रभावित हो रही है, बल्कि पार्टी की छवि पर भी असर पड़ रहा है। वह अपनी बात विस्तार से रख ही रहे थे कि राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए सीधा सवाल कर दिया- 'पांडे जी चाहते क्या हो? इस पर अरविंद पांडे ने बिना किसी लाग-लपेट के जवाब दिया 'सीबीआई जांच'। जवाब सुनने के बाद बी.एल. संतोष ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए 'ठीक है' कहा और उन्हें बैठने का इशारा कर दिया। इसके बाद बैठक का एजेंडा आगे बढ़ गया।माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव (शेष पृष्ठ सात पर)

# बूथ अध्यक्ष के घर पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष, किया जलपान

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के अंतिम दिन शनिवार को देहरादून स्थित प्रसिद्ध टपकेश्वर



महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली, विकास और जनकल्याण की कामना करते हुए जलाभिषेक एवं आरती की। टपकेश्वर मंदिर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। मंदिर परिसर में पहुंचकर उन्होंने वैदिक (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो भीषण सड़क हादसों में पांच की मौत, कई घायल

उत्तरकाशी/चमोली। उत्तराखंड में शुक्रवार देर शाम से शनिवार तड़के तक हुए दो भीषण सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। एक हादसा उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर हुआ, जहां महाराष्ट्र के दो तीर्थयात्रियों की जान चली गई, जबकि दूसरा हादसा चमोली जिले के देवाल क्षेत्र में हुआ, जहां एक वैन के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत होने की सूचना है। पहला हादसा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेलगुगाड़ से लगभग 200 मीटर आगे गंगनानी की ओर शुक्रवार



शाम हुआ। गंगोत्री से उत्तरकाशी लौट रही एक स्विफ्ट कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 80 (शेष पृष्ठ सात पर)

# खाई में गिरा डंपर, चालक की मौत



अल्मोड़ा। महरौली-चित्तौड़खाल मोटर मार्ग पर रूडोली गांव के समीप शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय ग्रामीणों और राहत दल ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे डीसीआर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि महरौली क्षेत्र के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# बीमारी से तंग महिला ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति की मौत के बाद से बीमारी से जूझ रही एक महिला ने तंग होकर शुक्रवार की रात्रि ट्रांजिट कैम्प वार्ड दो स्थित अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम पिपलिया बहेड़ी निवासी परमेश्वरीलाल ने कुछ वर्ष पूर्व यहां ट्रांजिट कैम्प में अपना मकान बनाया था और पत्नी सहित दो पुत्रों व दो पुत्रियों के साथ



रहता था। परिजनों ने बताया कि वर्ष 2023 में परमेश्वरी लाल की मौत हो जाने के बाद से उसकी पत्नी माया देवी बीमार ही रहती थी। बड़ी पुत्री का विवाह हो गया था। जबकि पुत्र अजय व राजू तथा एक पुत्री साथ में रहते हैं। परिजनों का कहना है कि माया देवी ने शुक्रवार को शाम दवा खाई थी और रात्रि करीब 9 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में आराम करने चली गई थी। कुछ देर बाद जब उनके कमरे की ओर गये तो देखा वह फांसी के फंदे पर झूल रही हैं। उन्हे इस हालत में देख परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी आ गये। जानकारी मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिसकर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर माया देवी को फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# रुद्रपुर में 1.45 करोड़ से बनेगा पशु शव दाह गृह

## गैस बेस्ड इनसिनरेटर से होगा मृत पशुओं का वैज्ञानिक निस्तारण: विकास शर्मा

रुद्रपुर। नगर निगम रुद्रपुर को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से शासन ने शहर में आधुनिक पशु शव दाह गृह निर्माण के लिए 145.83 लाख रुपये की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। योजना के तहत गैस बेस्ड इनसिनरेटर स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से मृत पशुओं के शवों का वैज्ञानिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट



पावर्ड कमेटी की बैठक में प्रदान की गई। बैठक में रिंग फेंस्ड अकाउंट से विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा संबंधित विभागों द्वारा परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। समिति ने रुद्रपुर, हल्द्वानी और हरिद्वार नगर निगम क्षेत्रों में मृत पशुओं के शवों के समुचित निस्तारण के लिए गैस बेस्ड इनसिनरेटर स्थापित करने की योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें रुद्रपुर नगर निगम के लिए 145.83 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी गई है। महापौर विकास शर्मा ने इस स्वीकृति को नगर निगम और शहर वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि लंबे समय से शहर में मृत पशुओं के निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्तमान व्यवस्था में कई बार मृत पशुओं के शवों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर शुरू होगी दूसरी खाद्य परीक्षण लैब

## मुख्य सचिव ने मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

देहरादून (संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार पर गठित राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की छठी बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जांच एवं निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की दूसरी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस सात जून 2026 के अवसर पर अनिवार्य रूप से लोकार्पण किया जाए। उन्होंने खाद्य पदार्थों की जांच बढ़ाने के लिए राज्य सेक्टर के बजट में पर्याप्त प्रावधान सुनिश्चित करने के साथ ही केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाले बजट के लिए एक कॉर्पस फंड तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि खाद्य पदार्थों की नियमित और निरंतर जांच कराई जा



सके। बैठक में मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा से जुड़ी प्रवर्तन गतिविधियों को और तेज करने पर जोर देते हुए कहा कि मिलावटखोरी में लगातार संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मिलावटखोरी से संबंधित मामलों की मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने एक सरल चार अंकों का हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को मिलावट या खाद्य सुरक्षा से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा के लिए उपलब्ध तंत्र को और मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि खाद्य नमूनों की जांच व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं के साथ मोबाइल परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने आगामी कुंभ 2027 को ध्यान में रखते हुए अभी से खाद्य सुरक्षा संबंधी व्यापक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की निगरानी एवं परीक्षण के लिए समर्पित टीमों की तैनाती तथा विक्रेताओं के लिए निधारित वेंडिंग जोन चिन्हित करने को कहा। बैठक में ईट राइट कैंपस प्रमाणन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इसकी शुरुआत सरकारी संस्थानों से की जाए। राजकीय शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों, छात्रावासों, वृद्धाश्रमों, बाल गृहों और नारी निकेतन सहित अन्य संस्थानों में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जाने वाले टेक होम राशन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्य सचिव ने उपयोग किए जा चुके खाद्य तेल को दोबारा खाद्य श्रृंखला में आने से रोकने के लिए उसके संग्रहण की व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही होटल और रेस्तरां संचालकों तथा मुख्य रसोइयों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही, ताकि सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। बैठक में सचिव विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव रोहित मीणा समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 31 मई को होगी चालक भर्ती की परीक्षा, 5250 अभ्यर्थी होंगे शामिल

नैनीताल (संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा चयन आयोग द्वारा वाहन चालक एवं प्रवर्तन चालक पदों के लिए लिखित प्रतियोगी परीक्षा 31 मई को जनपद नैनीताल के हल्द्वानी स्थित 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के कुल 5250 अभ्यर्थी शामिल होंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शौरभ असवाल ने बताया कि लिखित परीक्षा 31 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अनुशासन तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से भी निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने तथा आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# मनरेगा कार्यों में अनदेखी पर ग्राम प्रधानों का धरना

गदरपुर (संवाददाता)। मनरेगा कार्यों में लापरवाही, विकास योजनाओं के संचालन में ग्राम प्रधानों की उपेक्षा तथा पंचायतों में विकास कार्य शुरू न होने के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्राम प्रधानों ने विकासखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक चले धरने के दौरान प्रधानों ने अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की मांग की। ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष मीना रानी के नेतृत्व में आयोजित धरने में प्रधानों ने आरोप लगाया कि पंचायतों के गठन को लगभग नौ माह का समय बीत चुका है, लेकिन मनरेगा के तहत अधिकांश ग्राम सभाओं में अभी तक कोई ठोस विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं और प्रस्तावों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानों का आरोप था कि कई निर्माण कार्य बिना संबंधित ग्राम प्रधानों को जानकारी दिए



कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिया जाना चाहिए, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनकी भूमिका सीमित कर दी गई है। इससे ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। धरने के दौरान खंड विकास अधिकारी अतिया परवेज और ग्राम प्रधानों के बीच तीखी बहस भी हुई। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे बड़े निर्माण कार्य शासन और उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। हालांकि प्रधान इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारी के मौके पर पहुंचने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। धरने की सूचना मिलने पर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर और सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर विकासखंड कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्राम प्रधानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समाधान का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद प्रधानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरना-प्रदर्शन में गीता देवी, क्रांति देवी, संजय चौधरी, राम सिंह, प्रेमवती सैनी, अफसाना बी, मयंक कालरा, शिवम गंभीर, मौसमी, पूजा राजपूत, राहुल, गीता रानी, आयुष कोचर, गुरजीत सिंह, चंचल चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में 'हैप्पी क्लासरूम' पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, डिबडिबा में सीबीएसई के तत्वावधान में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक अत्यंत समृद्ध और परिवर्तनकारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आसपास के विभिन्न विद्यालयों के 78 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जहाँ उन्होंने सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आनंदमय, सार्थक और छात्र-केंद्रित बनाने के तरीकों पर मंथन किया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य महेश चंद्रा, मुख्य रिसोर्स पर्सन गरिमा भारतीय और रिया चंडोक अरोड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश चंद्रा ने रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेंट किए। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शिक्षकों को ऐसी व्यावहारिक तकनीकों से सशक्त बनाना था, जिससे वे कक्षा में भावनात्मक रूप से सुरक्षित, आकर्षक और समावेशी वातावरण तैयार कर सकें। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल, बरेली की प्रधानाचार्या गरिमा भारतीय और सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, बरेली की रिया चंडोक अरोड़ा ने बेहद कुशलता से किया। विशेषज्ञों ने अनुभवात्मक अधिगम (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग), सामूहिक कार्यों, रोल प्ले और विचार-मंथन सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को खुशी-आधारित शिक्षा के



सिद्धांतों से अवगत कराया। सत्रों में सकारात्मक शिक्षक-छात्र संबंध बनाने, भावनात्मक बुद्धिमत्ता को निखारने, विकासशील मानसिकता को बढ़ावा देने और कक्षा को जिज्ञासापूर्ण स्थान बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला का संचालन भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के पीजीटी गणित अक्षय शर्मा द्वारा किया गया, जिनकी सक्रियता से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण प्रधानाचार्य महेश चंद्रा के प्रति प्रतिभागियों का सम्मान रहा। शिक्षकों ने एक स्वर में उनके दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को अपने करियर का सबसे प्रभावशाली प्रशिक्षण सत्र बताया। उन्होंने कहा कि यहाँ सीखी गई व्यावहारिक रणनीतियाँ उन्हें कक्षाओं में तुरंत बदलाव लाने में मदद करेंगी। समापन समारोह में शिक्षकों ने नए विचारों और संकल्पों के साथ विदाई ली, यह स्वीकार करते हुए कि खुशी केवल शिक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि सीखने की प्रभावी नींव है।

# सीबीएसई प्री सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में एमेनिटी का परचम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)एमेनिटी पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई प्री सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के जोनल स्तर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय की अंडर-17 बालक, अंडर-17 बालिका एवं अंडर-15 बालक टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जोनल चौंपियन का खिताब अपने नाम किया और राष्ट्रीय दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस जोनल क्वालीफायर में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबलों में एमेनिटी के खिलाड़ियों ने जबरदस्त तालमेल, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। अंडर-17 बालिका वर्ग, अंडर-17 बालक वर्ग और अंडर-15 बालक वर्ग में एमेनिटी पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर की




टीमें प्रथम स्थान पर रहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं ओएनजीसी अधिकारी देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि राज्य दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा रहे। सीबीएसई पर्यवेक्षक चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी की देखरेख में टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।विद्यालय के निदेशक सुभाष अरोड़ा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती इंद्रा त्रिपाठी ने विजेता टीमों को बधाई दी। श्री अरोड़ा ने कहा यह जीत हमारे खिलाड़ियों की मेहनत, कोचों के समर्पण और विद्यालय के खेल संस्कृति का परिणाम है। अब हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करना है। प्रधानाचार्या श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बराबर महत्व देता है, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। तीनों विजेता टीमें अब जून 2026 में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय सुब्रतो कप में जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों में इस उपलब्धि को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

# होटल में युवक युवती के शव मिलने से सनसनी

रुड़की । शहर के डबल फाटक स्थित एक होटल में शुक्रवार दोपहर युवक और युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। प्रारंभिक जांच में कीटनाशक के सेवन की आशंका जताई जा रही है। डबल फाटक स्थित होटल में युवक और युवती ने बृहस्पतिवार शाम कमरा बुक कराया था। शुक्रवार सुबह होटल कर्मचारी सफाई के लिए पहुंचे और दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कर्मचारी उन्हें सोया समझकर चले गए। दोपहर करीब 12 बजे चेकआउट का समय होने पर दोबारा दरवाजा खटखटाया गया लेकिन फिर भी कोई जवाब नहीं मिला। इस पर होटल प्रबंधन को शक हुआ, उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरी चाबी से कमरा खुलवाया तो युवक और युवती अचेत अवस्था में पड़े मिले। पुलिस ने कमरे से मिले साक्ष्यों को कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान सागर निवासी नाथुखेड़ी के रूप में हुई, जबकि युवती लंढौरा क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की बात सामने आ रही है। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक असहमति या अन्य कारणों के कारण दोनों ने यह कदम उठाया होगा। सिविल लाइंस कोतवाली के प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# पीड़िता शाहीन को मिली निःशुल्क कानूनी सहायताः फरजाना

## पारिवारिक उत्पीड़न पर समान नागरिकता सहिता से मिली राहत, सीएम का जताया आभार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समान नागरिकता कानून मुस्लिम बहनों के लिए सुरक्षा कवच बन चुका है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने बताया कि श्रीमती शाहीन पुत्री गुरफान पत्नी मौ० दानिश हाल निवासी ग्राम मुजाहिदपुर सतीवाला बन्दरजूड़ थाना बुग्गावाला हरिद्वार को समान नागरिकता सहिता से राहत मिली है। उनके पति एवं पारिवारिक सदस्यों द्वारा दहेज आदि से उत्पीड़न कर तीन तलाक देने के पश्चात् पुनः निकाह कर हलाला प्रथा हेतु उत्साहित किया गया। जिस पर शाहीन द्वारा साहस का परिचय देते हुए अपने पति व पारिवारिक सदस्यों के प्रति थाना बुग्गावाला में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। उन्होंने बताया कि उनके अनुरोध पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पीड़िता शाहीन को न्यायालय में वाद संबंधी कार्यों के सम्पादन के लिए निःशुल्क शासकीय अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड में समान नागरिकता कानून प्रख्यापित करने से काफी सुविधा आम जनता को हो रही है। जैसा कि उनकी धर्म या जाति की प्रवाह किये बिना,



विवाह, तलाक, विरासत और सम्पत्ति जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान और न्याय संगत की व्यवस्था से लाभ प्रदान हो रहा है। विशेषकर महिला वर्ग में सबसे ज्यादा न्याय मुस्लिम बहनों को न्याय प्रदान हो रहा है। वह स्वयं आयोग के कर्तव्यों का पालन करते हुए पीड़िता शाहीन के आवास पर गयी, उससे व उसके परिवारिक सदस्यों से रूबरू हुई। अब परिजनों के द्वारा निःशुल्क शासकीय अधिवक्ता उपलब्ध कराने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, का धन्यवाद व आभार जताया है। इस प्रकरण में थाना बुग्गावाला द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।फरजाना बेगम ने बताया कि उन्होंने पीड़िता शाहीन की सुरक्षा एंव न्यायालय में वाद पैरवी करने हेतु शासकीय अधिवक्ता नियुक्त करने हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था, जिसके सम्बन्ध में गृह विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा श्रीमती शाहीन को वाद में पैरवी करने हेतु तत्काल अभियोजक नामित करने हेतु निदेशक, अभियोजन उत्तराखण्ड देहरादून को आदेश किया गया है। जिसके लिए वह स्वयं भी व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त करती हैं।। उन्होंने कहा इस कानून को लेकर स्वयं एक महिला होने पर महिलाओं के सम्मान में समय-समय पर समस्त बहनों व विशेषकर मुस्लिम बहनों के बीच जाकर उन्हें पीड़ित होने पर सहायता प्रदान करने के साथ ही न्याय दिलाये जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# 31 मई तक राशन कार्ड की ई केवाईसी कराना अनिवार्य

चम्पावत (संवाददाता)। उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के तहत राज्य के सभी राशन कार्डों और उनमें दर्ज प्रत्येक सदस्य की ई केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने जनपद के सभी राशन कार्ड धारकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ई केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी राशन कार्ड धारक 31 मई 2026 तक अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई केवाईसी निकटतम सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान अथवा उचित दर विक्रेता के माध्यम से अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि शासन की इस व्यवस्था का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और लाभार्थी केंद्रित बनाना है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि ऐसे लाभार्थी जो वृद्धावस्था, शारीरिक अक्षमता अथवा अन्य कारणों से उचित दर विक्रेता की दुकान तक नहीं पहुंच सकते हैं, उनके लिए घर बैठे ई केवाईसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित "मेरा ई केवाईसी" मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है। प्रियंका भट्ट ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से लाभार्थी अपने मोबाइल फोन पर आधार संख्या, ओटीपी और फेस रिकग्निशन की सहायता से आसानी से ई केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इससे लोगों को अनावश्यक आवागमन से राहत मिलेगी और घर बैठे सुरक्षित एवं सरल तरीके से सत्यापन कराया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी तथा राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि समय पर ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में राशन वितरण सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में असुविधा उत्पन्न हो सकती है।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर के ग्रामीण क्षेत्र चिलकिया में शुक्रवार को एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। विवाह को मात्र तीन माह होने के कारण पुलिस ने राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी



कार्रवाई पूरी की। जानकारी के अनुसार ग्राम चिलकिया निवासी खीम सिंह की पत्नी मधु देवी ने शुक्रवार दोपहर घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मधु देवी का विवाह नौ फरवरी 2026 को हुआ था। परिजनों के अनुसार उसका भाई एक दिन पूर्व ही उसे ससुराल छोड़कर गया था। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। विवाह को सात वर्ष से कम समय होने के कारण मामले में नायक तहसीलदार कुंदनपुरी की मौजूदगी में पंचायतनामा एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि महिला की मौत के संबंध में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से यदि कोई तहरीर प्राप्त होती है तो उसके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नैनीताल मंडल के प्रभारी बने अशोक छाबड़ा

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड की प्रांतीय सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक 28 मई को हल्द्वानी में संपन्न हुई। बैठक



में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, महामंत्री प्रकाश चंद्र मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष एन.सी. तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश पंत, उपाध्यक्ष दिनेश डोभाल, माधव प्रसाद सेमवाल एवं राकेश कुमार डिमरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की भावी रणनीति, विस्तार और व्यापारी हितों को मजबूत करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित कर उन्हें प्रबंध समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु भेजने का निर्णय लिया। बैठक का प्रमुख आकर्षण गदरपुर के वरिष्ठ व्यापारी नेता अशोक छाबड़ा को नैनीताल मंडल का प्रभारी बनाए जाने का निर्णय रहा। समिति ने सर्वसम्मति से नैनीताल, ऊधमसिंहनगर एवं काशीपुर क्षेत्र की संगठनात्मक जिम्मेदारी अशोक छाबड़ा को सौंपने का प्रस्ताव पारित किया। उनकी नियुक्ति पर व्यापारियों और संगठन पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा व्यापारी हितों की आवाज और अधिक प्रभावी ढंग से उठाई जाएगी। इसके अलावा प्रदेश संगठन के सभी 19 जिलों में सह-प्रभारियों की नियुक्ति तथा दो या तीन जिलों के संचालन के लिए उप मंडल प्रभारी बनाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। कुमाऊं मंडल के सह संयोजक अखिलेश सेमवाल की तर्ज पर गढ़वाल मंडल के लिए सह प्रभारी नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसके लिए सर्वसम्मति से दिनेश डोभाल का नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक में चंपावत एवं पिथौरागढ़ के लिए भैरवदत्त राय (लोहाघाट), अल्मोड़ा, बागेश्वर एवं रानीखेत के लिए मनोज अरोड़ा (कौसानी), रुड़की-हरिद्वार के लिए प्रमोद जोहर तथा सह प्रभारी संजय गर्ग (रुड़की), ऋषिकेश-टिहरी के लिए अब्दुल अतीक, पछवादून एवं देहरादून के लिए राकेश अग्रवाल (ऋषिकेश), यमुना घाटी एवं उत्तरकाशी के लिए तिलक चंद्र रमोला (पुरोला), पौड़ी-श्रीनगर के लिए मोहन सिंह रौतेला तथा सह प्रभारी बुद्धि बल्लभ ममगाई (खांकरा) और चमोली- रुद्रप्रयाग के लिए राकेश कुमार डिमरी (कर्णप्रयाग) के नाम भी सर्वसम्मति से अनुमोदित किए गए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि नई संगठनात्मक व्यवस्था से प्रदेशभर में व्यापार मंडल को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा।

# परम संत दर्शन सिंह महाराज के ज्योति जोत दिवस पर सेवादारों ने लगाई छबील

गदरपुर (उद संवाददाता)। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संस्थापक परम संत दयालपुरुष दर्शन सिंह महाराज के 37वें ज्योति जोत समाए दिवस पर श्रद्धालुओं ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह आश्रम गदरपुर के सेवादारों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति सकैनिया मोड़ स्थित सती मठ मंदिर के समीप ठंडे व मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया, जिसमें राहगीरों व स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मिशन के अध्यक्ष हरनाम सिंह सेतिया ने बताया कि दयालपुरुष संत दर्शन सिंह महाराज की पावन स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्य का उद्देश्य जनसेवा के माध्यम से पुण्य कमाना है। उन्होंने कहा कि मिशन के अनुयायी सवेरे से शाम तक निष्काम सेवा में जुटे रहते हैं। इस दौरान महिला सेवादारों ने भी बर्तन साफ करने व अन्य सेवा कार्यों में पूरी श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष हरनाम सिंह सेतिया, उपाध्यक्ष गुरबख्श लाल बठला, सचिव मनोरथ लाल डाबर, कोषाध्यक्ष पीएन खुराना, हरबंस लाल हुड़िया, नंदकिशोर पेंटर, नानक बठला, प्रिया बठला, पल्लवी खुराना, मनीषा, राममूर्ति, अमित रावत, अशोक बाटला, लविष्का, रेखा ढींगरा, उषा, पूनम, सुमन, इंदिरा, साधना सिंह, रिमझिम, प्रियंका बठला, रामभरोसे, दुर्जन सिंह, गुरदयाल, महेंद्र कुमार और फूलचंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सेवा कार्य में तत्पर रहे।




# विश्व शांति एवं सहयोग में भारत का महत्वपूर्ण योगदानः शैलेन्द्र

रानीखेत (उद संवाददाता)।स्वर्गीय श्री दत्त बैला स्व० संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत के राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद द्वारा शुक्रवार को "समकालीन वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका" विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य पर गंभीर विमर्श किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट के राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ० शैलेन्द्र कुमार एवं समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉव अंचलेश कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों, बदलते अंतरराष्ट्रीय संबंधों तथा विश्व राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त एवं प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है तथा उसकी विदेश नीति विश्व शांति, सहयोग एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी डॉ० बृजेश कुमार जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में विश्व राजनीति तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जहाँ वैश्विक चुनौतियाँ, कूटनीतिक संबंध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं सामरिक नीतियाँ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे समय में भारत ने अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों एवं संतुलित विदेश नीति के माध्यम से विश्व मंच पर एक जिम्मेदार एवं प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का निरंतर अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि



जागरूक एवं संवेदनशील युवा ही राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विचार गोष्ठियाँ विद्यार्थियों में चिंतन, संवाद एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का विकास करती हैं तथा उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों के प्रति अधिक जागरूक बनाती हैं। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापिका डॉ० पूजा ने विद्यार्थियों को समकालीन वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, वैश्विक कूटनीति एवं भारत की रणनीतिक भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान घटनाओं का गंभीर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग प्रभारी डॉ० सत्य मित्र सिंह एवं गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ० नितिका भी उपस्थित रहे। डॉ० सत्य मित्र सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को वैश्विक राजनीतिक परिवर्तनों के प्रति सजग एवं जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक राष्ट्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों के गंभीर अध्ययन एवं तार्किक विश्लेषण के लिए प्रेरित किया। डॉ० नितिका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता, लोकतांत्रिक परंपराएँ एवं शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की भावना उसे विश्व समुदाय में एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से वैश्विक मुद्दों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राजनीति विज्ञान विभाग में एम०ए० चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा भी संपन्न कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विषयगत ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी डॉ० बृजेश कुमार जोशी ने किया। अंत में उपस्थित अतिथियों एवं प्राध्यापकों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पार्षद चिराग कालरा के प्रयासों से विकास कार्यों को मिली रफ्तार




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार और सुभाष कॉलोनी क्षेत्र से जुड़े वार्ड संख्या 28 में पार्षद चिराग कालरा की सक्रियता, विकास के प्रति समर्पण के चलते पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य धरातल पर उतरे हैं, जबकि कई बड़ी परियोजनाएं अंतिम प्रक्रियाओं में पहुंच चुकी हैं। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था से लेकर सड़क, नाला, पुलिया और सार्वजनिक स्थलों के विकास तक अनेक कार्यों को गति मिली है। पार्षद चिराग कालरा ने अपने कार्यकाल के दौरान सबसे पहले क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी। नियमित सफाई अभियान, नालियों की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिसके चलते मुख्य बाजार और सुभाष कॉलोनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उनकी पहल पर गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण एवं विकास की योजना को स्वीकृति मिल चुकी है और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वहीं बाटा चौक पर प्रस्तावित क्लॉक टॉवर निर्माण का रास्ता भी साफ हो चुका है जो भविष्य में रूद्रपुर को नई पहचान देगा। सुभाष कॉलोनी स्थित मां पूर्णागिरि मंदिर और शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भी चिराग कालरा ने विशेष रुचि दिखाई। शिव मंदिर के लैंटर निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराई जा चुकी है, जबकि मंदिर परिसर के विकास के लिए अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं भी आगे बढ़ाई गई हैं। वार्ड में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए यूआईआरडी के माध्यम से बंद नालों के निर्माण की फाइल तैयार कर प्रक्रिया में लाई गई है। इसके अलावा सनातन स्कूल और अग्रवाल धर्मशाला के सामने नालों का निर्माण कराया गया। क्षेत्र की कई जर्जर पुलियाओं का पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य भी उनकी पहल पर संपन्न हुआ। सुभाष कॉलोनी और मुख्य बाजार को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग के विकास कार्य को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया गया। सब्जी मंडी के विकास और आधुनिकीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है तथा इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं गुरुद्वारा गोल मार्केट के समीप होटल गोल्डन व्यू से हरियाणा ऑटो पार्ट्स तक नाला और सड़क निर्माण की योजना को भी आगे बढ़ाते हुए फाइल को टेंडर प्रक्रिया तक पहुंचाया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में जलभराव और यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। इन बड़े विकास कार्यों के साथ–साथ पार्षद चिराग कालरा ने वार्ड की छोटी–छोटी समस्याओं के समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया। स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत, जल निकासी और सफाई से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिससे आम लोगों को राहत मिली। पार्षद चिराग कालरा ने कहा कि वार्ड के विकास की यह यात्रा अभी जारी है। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने विकास कार्यों में मिले सहयोग के लिए महापौर विकास शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से वार्ड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को आगे बढ़ाने में सफलता मिली है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाज रही है और समाज में जन जागरूकता लाने के साथ ही जन भावनाओं को अभिव्यक्ति देने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गौरवशाली रहा है और वर्तमान समय में यह समाज व शासन के बीच एक सेतु के रूप में निरंतर कार्य कर रही है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता देश के राजनैतिक आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी महती भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में भी हिंदी पत्रकारिता का स्वर्णिम इतिहास रहा है और प्रदेश सरकार पत्रकारों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। सरकार पत्रकारिता से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी बधाई देते हुए कहा कि निष्पक्षता विश्वसनीयता एवं जनहित की भावना ही पत्रकारिता की मूल आत्मा है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही सफल पत्रकारिता की असली पहचान है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम है।




Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

## समर्पित व कर्तव्यनिष्ठ भक्त की रक्षा स्वयं करते हैं हरि: चैतन्यपुरी



गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु को समर्पित, कर्तव्य परायण,दृढ़ निश्चायी भक्त की रक्षा स्वयं श्री हरि करते हैं। ऐसे पुण्यआत्मा भक्त का समस्त संसार भी चाहे शत्रु क्यों ना हो जाए परंतु उसका बाल बांका नहीं कर सकता। भक्तराज प्रहलाद के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने उसे मानव मात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। मिथ्या अहंकार में भूले हुए हिरण्यकश्यप ने स्वयं अपने ही पुत्र प्रहलाद पर कितने निर्मम अत्याचार किये, जिसका अपराध शायद मात्र इतना था कि उसने परमात्मा का नाम लेना नहीं छोड़ा। लेकिन सदैव रक्षा की प्रभु ने व उस अहंकारी हिरण्यकश्यप का नाश भी किया। भक्त का कभी नाश नहीं हो सकता। परमात्मा की कृपा जिस पर भी हो उसके लिए विष भी अमृत बन जाता है। शत्रु भी मित्रवत हो जाते हैं अपार सागर भी गाय के पैर के गढ़े के समान हो जाता है। हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। वही प्रहलाद के साथ भी हुआ। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि जीता हुआ मन तथा इंद्रियां मित्र तथा अनियंत्रित मन व इंद्रियां सबसे बड़े शत्रु है। संसार को जीतने वाला महावीर नहीं बल्कि मन व इंद्रियों को जीतने वाला महावीर है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा हमारे अहंकार को दूर करती है। श्रद्धावश ही हम दूसरों का हृदय से सम्मान करते हैं। श्रद्धा का प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है। श्रद्धा का परिणाम सदैव शुभदायक और मंगलकारी होता है। इसलिए श्रद्धावान व्यक्ति विषम परिस्थितियों में भी अपने आत्मबल के सहारे टिका रहता है। सच्चे श्रद्धालुओं के सभी संकल्प पूर्ण हो जाते हैं। यदि हमारा मन निर्मल है हमारी मनोभूमि में अवगुणों का प्रदूषण नहीं है। और हम दुर्व्यसनों के शिकार नहीं है तो श्रद्धा, विश्वास और प्रेम के अंकुर पल्लवित होने में देर नहीं लगती। हम शीघ्र ही श्रद्धानत हो जाते हैं।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों में उन्होंने सभी को भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण "श्री गुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व लाठी वाले भैय्या की जय जय कर से गूंज उठा।

## हल्द्वानी के बाल शतरंज खिलाड़ी तेजस ने मुम्बई में किया नाम रोशन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कहा जाता है कि यदि किसी खिलाड़ी में कुछ कर दिखाने का जज्बा होता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। इसमें खिलाड़ी की उम्र कभी बाधा नहीं बनती है। यह बात हल्द्वानी के साढ़े आठ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी तेजस तिवारी ने एक बार फिर साबित कर दी है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया चेस मास्टर सीजन–4 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तेजस ने अपनी फिडे रेटिंग में 43 अंकों की बढ़ोतरी कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि उत्तराखंड का गौरव भी बढ़ाया है। 23 से 28 मई तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। अनुभवी खिलाड़ियों के बीच तेजस ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आठ राउंड में पांच मुकाबले जीते और एक मुकाबला ड्रॉ खेलकर कुल 5.5 अंक अर्जित किए। उनके इस प्रदर्शन ने शतरंज जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। सुभाष नगर, हल्द्वानी निवासी तेजस दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा तीन के छात्र हैं। तेजस की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने पर बच्चे कम उम्र में भी बड़ी सफलताएं हासिल कर सकते हैं। उसकी इस सफलता पर परिजनों सहित सभी ने उसे आर्शीवाद देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।विश्व रिकॉर्ड धारक तथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मानित तेजस अब तक देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित कई राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। उनकी सफलता अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी तरह उनका प्रदर्शन जारी रहा तो आने वाले वर्षों में तेजस राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकते हैं।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# बागवाला में बने 1872 प्रधानमंत्री आवास जल्द होंगे आवंटित

## सचिव आवास ने विकास प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण, ट्रांसपोर्ट नगर और कॉमर्शियल प्रोजेक्ट की प्रगति जानी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बागवाला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 156 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 1872 आवासों का लाभार्थियों को जल्द आवंटन किया जाएगा। शुक्रवार को सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने रुद्रपुर पहुंचकर विकास प्राधिकरण की निर्माणाधीन और प्रस्तावित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। सचिव ने बागवाला स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आवासों का लोकार्पण कर पात्र लाभार्थियों को चाबियां सौंपी जाएंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों से निर्धारित अंशदान की धनराशि जमा कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि आवासों का आवंटन जल्द से जल्द किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रत्येक आवास के लिए तीन लाख रुपये की सहायता सरकार की ओर से तथा तीन लाख रुपये लाभार्थी की ओर से जमा किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 185 लाभार्थी अपनी पूरी धनराशि जमा कर चुके हैं, जबकि 222 लाभार्थियों को पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से धनराशि जमा कराने के लिए सूचित किया गया है। सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय ने बताया कि आवास परिसर में साफ सफाई का कार्य अंतिम चरण में है तथा व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी कराया जा रहा है। परिसर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा चुका है और उसकी परीक्षण प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। डॉ. राजेश कुमार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने इन आवासों का लोकार्पण प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री के स्तर से कराए जाने की तैयारी है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 जल्द शुरू होने जा रही है, जिसके लिए अभी से भूमि चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाए। इसके बाद सचिव ने त्रिशूल चौक के निकट लोक निर्माण विभाग की 6.5 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया, जहां कुमाऊं कॉमर्शियल कुटीर परियोजना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत बहुमंजिला आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसकी प्रारंभिक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है। सचिव ने रामपुर रोड स्थित प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना की भूमि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि 48 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 72 करोड़ रुपये की प्रारंभिक डीपीआर शासन को भेजी गई है। सचिव आवास ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे परिवहन गतिविधियों को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। अपने दौरे के दौरान सचिव ने त्रिशूल चौक से मेडिकल कॉलेज तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी , सचिव जिला विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# इस्कॉन के नौका विहार महोत्सव में राधा-माधव के दर्शन से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

## गुलाब की पंखुड़ियों से सजे जल में नौका पर विराजे ठाकुर जी



रुद्रपुर। स्कॉन संस्था की ओर से शुक्रवार सायं सिटी क्लब में श्री राधा-माधव जी का वार्षिक नौका विहार महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के बीच भगवान को शीतलता प्रदान करने की भावना से आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और राधा-माधव के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों से सुसज्जित जलकुंड में भगवान का नौका विहार कराया गया। भगवान के जल विहार के लिए विशेष रूप से हंस के आकार की आकर्षक नौका तैयार की गई थी, जिसे रंग-बिरंगे फूलों और मनमोहक रोशनी से सजाया गया था। जैसे ही श्री राधा-माधव इस नौका में विराजमान होकर जल की लहरों पर विहार करने निकले, पूरा परिसर जय श्री राधे और हरे कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपने आराध्य का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर भावविभोर हो उठे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा -अर्चना और आरती में भाग लिया। उन्होंने कहा कि नौका विहार महोत्सव की विशेष सजावट और आध्यात्मिक वातावरण वास्तव में मंत्रमुग्ध करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, प्रेम और भक्ति की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए स्कॉन संस्था और सभी सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राधा-माधव की कृपा से समाज में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बना रहे। इस अवसर पर चंदर अरोरा, किशोर शर्मा, संजय ठुकराल, पंकज शर्मा, गगन ग्रोवर, अनुज अग्रवाल, नरेश बंसल, तारा चंद्र अग्रवाल, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाल हृदय रोग कैंप में हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के. के. अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद उधम सिंह नगर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रुद्रपुर में एक दिवसीय बाल हृदय रोग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नारायणा हॉस्पिटल गुड़गांव के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास गुप्ता एवं शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रुद्रपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वसुधा मिश्रा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त कैंप का आयोजन डॉक्टर डी. पी. सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम के निर्देशन में किया गया। डॉ के. के अग्रवाल द्वारा कैंप में उपस्थित सभी बच्चों व उनके परिजनों को कैंप में दिए जा रहे विभिन्न उपचारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैंप में 20 बच्चों को निशुल्क सुविधा प्रदान की गई। हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा 5 बच्चों का परीक्षण एवं बच्चों को निशुल्क इको की जांच की सुविधा प्रदान की गई। बाल रोग विशेषज्ञ के द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मस्यूनी, जिला लेखा प्रबंधक डी. एस. भंडारी, आरबीएसके मैनेजर पूरनमल तथा शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र स्टाफ कमलेश मिश्रा, पारुल, चन्द्रर वीर, रीमा, अंजलि आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल की पहली मंजिल से कूदा छात्र ,मचा हड़कंप

रुद्रपुर ( उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल में शुक्रवार सुबह कक्षा 9वीं कक्षा के एक छात्र ने स्कूल भवन की पहली मंजिल से छलांग लगा दी।जिससे स्कूल प्रबंधन के साथ ही समस्त स्टाफ में हड़कंप मच गया। हालाकि छात्र को गंभीर चोट नहीं आई। प्रबंधन द्वारा छात्र के परिजनों को विद्यालय बुलवाया गया और छात्र की काउंसिलिंग कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि आदर्श कालोनी के एक निजी स्कूल में छात्र सुबह करीब सवा सात बजे स्कूल पहुंचा था। उस समय स्कूल में छात्रों की संख्या काफी कम थी। इसी दौरान एक छात्र ने अचानक स्कूल की पहली मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। जिससे स्कूल प्रबंधन व स्टॉफ में हड़कंप मच गया। छात्र के गिरते ही स्कूल स्टाफ मौके पहुंचा और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना पर परिजन स्कूल पहुंचे और बच्चे को अपने साथ घर ले गए। बताया जा रहा है कि ईद के मौके पर छात्र ने परिवार से नैनीताल घूमने जाने की जिद की थी, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया था। वहीं स्कूल में होमवर्क पूरा न करने पर उसे फटकार भी लगने की बात सामने आ रही है। माना जा रहा है कि इन बातोंसे परेशान होकर छात्र ने आवेश में यह कदम उठा लिया।




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पीट परीक्षा में सेना की निगरानी

किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट–यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए।विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन–देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई।विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट–यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी।गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा। सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लॉजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार–चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है।

## समर कैंप में योग एवं फल सब्जियों के गुणों के बारे में दी गई जानकारियां

गदरपुर। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखंड में सात एवं पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रात: काल सर्वप्रथम श्रीमती मिनती रानी, श्रीमती नीरू जोशी,श्रीमती विनीता एवं श्रीमती विजेता शर्मा द्वारा योगा ट्रेनर श्री सदानंद राय के साथ छात्राओं को योगाभ्यास करवाया



गया। तत्पश्चात मिनती रानी द्वारा छात्राओं को बांग्ला गीत पर डांस का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही श्रीमती विनीता द्वारा स्थानीय भोजन एवं मसाले, सब्जियां, फल आदि की गुणवत्ता एवं लाभ की जानकारी ऑडियो एवं वीडियो टूल्स के माध्यम से दी गई। मिनती रानी विश्वास द्वारा पारंपरिक व्यंजनों को बनाने की विधियां भी बताई गई, उसके साथ ही छात्राओं ने इन्डोर गेम लूडो व कैरम आदि खेल कर आनंद लिया ।

## खराब बैटरियां देने का लगाया आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एक दुकानदार द्वारा उपभोक्ता को खराब इनवर्टर बैटरियां दे देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गारंटी में होने के बाद भी दुकानदार न तो बैटरियां ठीक करवा रहा है और न ही वापस ले रहा है। पीड़ित ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है।मोहम्मद अयूब पुत्र याकूब, निवासी प्रेम नगर, महतोष का कहना है कि उसने नियर चावला थिएटर, काशीपुर रोड, रुद्रपुर एक दुकान से किस्तों पर चार इन्वर्टर बैटरी खरीदी थीं। जिनकी कुल कीमत 37 हजार रुपए थी तथा उनकी मासिक किस्त 3,750 रुपए निर्धारित की गई थी। उसने बताया बैटरियों के साथ दुकानदार द्वारा 9 माह की गारंटी दी गई थी। किंतु खरीदारी के लगभग तीन माह के भीतर ही चार में से तीन बैटरियों में खराबी आ गई तथा वे फट/क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे उसको भारी नुकसान हुआ है। जब वह उक्त खराब बैटरियों की शिकायत लेकर दुकानदार के पास गया और गारंटी के अनुसार बैटरियों को बदलने अथवा मरम्मत करने का अनुरोध किया, तो दुकानदार ने बैटरियां वापस लेने तथा कोई समाधान करने से साफ मना कर दिया।

## अलग अलग मामलों में चार गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने अलग अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार खेड़ा, रम्पुरा निवासी गुरविन्दर सिंह पुत्र रोशन लाल को पुलिस ने परशुराम चौक के पास राहगीरों से झगड़ा करते गिरफ्तार किया। वहीं आवास विकास चौकी में एक मामले को लेकर हो रही काउंसिलिंग के दौरान आपस में मारपीट पर उतारू हुए जगतपुरा निवासी सलमान मलिक पुत्र शौकत अली व आसिफ शेर अली पुत्र शौकत अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि सुभाषनगर कालोनी निवासी हेमन्त पुत्र करतार सिंह को पुलिस ने चैकिंग के दौरान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मार्ग से 155 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, दो प्रतिष्ठानों को नोटिस

चम्पावत (संवाददाता)। पर्यटन सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने टनकपुर क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों, भोजनालयों और किराना प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर दो प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए, जबकि विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। आयुक्त खाद्य सुरक्षा तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने टनकपुर मुख्य बाजार और शारदा घाट क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान रेस्टोरेंटों और भोजनालयों की रसोई में साफ–सफाई की स्थिति, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों की गहन जांच की गई। साथ ही किराना दुकानों में खाद्य सामग्री के भंडारण और बिक्री की व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो व्यापारिक प्रतिष्ठानों में





स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर विभागीय अधिकारियों ने संबंधित संचालकों को मौके पर ही नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान के दौरान खाद्य व्यवसायियों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का लाइसेंस अथवा पंजीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करने और उसे प्रतिष्ठान में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि बिना वैध लाइसेंस या पंजीकरण के खाद्य कारोबार संचालित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए टीम ने पके हुए भोजन, खाद्य तेल और मिठाई के कुल तीन नमूने संग्रहित किए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी प्रकार की मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी खामी पाई जाती है तो संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने बढ़ते तापमान और ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए होटल, रेस्टोरेंट और भोजनालय संचालकों को खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और रखरखाव में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं को केवल ताजा, स्वच्छ और गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि खाद्य जनित बीमारियों की संभावनाओं को रोका जा सके। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन सीजन के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ईंधन संरक्षण का संदेश देने न्यायिक अधिकारियों ने की पैदल यात्रा

चम्पावत (संवाददाता)। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ईंधन की बचत के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संचालित ष्सुरक्षित ईंधन–सुरक्षित जीवनष् अभियान के अंतर्गत शनिवार को चम्पावत में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुज कुमार संगल ने अपने आवास से जिला न्यायालय परिसर तक पैदल चलकर पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश की इस पहल से प्रेरित होकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विभिन्न अधिवक्ताओं, न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने आवासों से पैदल चलकर न्यायालय पहुंचते हुए अभियान में सहभागिता की। इस दौरान सभी ने ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने कहा




कि वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और ईंधन की बचत अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा खपत और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईंधन का विवेकपूर्ण उपयोग करे तथा संसाधनों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी आदतों में बदलाव कर भी ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ष्सुरक्षित ईंधन–सुरक्षित जीवनष् अभियान केवल एक जागरूकता कार्यक्रम नहीं बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का संकल्प है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने, छोटी दूरी के लिए पैदल चलने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की अपील की। अभियान के दौरान तहसील चम्पावत के पराविधिक स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों ने आमजन से संपर्क कर ईंधन संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को बताया कि ईंधन की बचत न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और विधिक स्वयंसेवकों ने समाज को यह संदेश दिया कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और ईंधन की बचत सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित

चम्पावत (संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में टनकपुर में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट–1 और बूथ लेवल एजेंट–2 को निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कार्मिकों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए पुनरीक्षण अभियान को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बूथ स्तर पर बीएलए की सक्रिय भूमिका मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में महत्वपूर्ण होती है। अधिकारियों ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.सी. बृजवाल, तहसीलदार टनकपुर पिंकी आर्य, नगर पंचायत



प्रतिभागियों को मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने, प्रविष्टियों में त्रुटियों के सुधार तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल कराने और त्रुटियों के सुधार में सहयोग करने का आह्वान बनबसा के अधिशासी अधिकारी दीपक बदलाकोटी, नगर पालिका टनकपुर के अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाजार में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 22 मई की बताई जा रही है, जिसमें दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर मारपीट, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में पुरानी इलाहाबाद बैंक गली निवासी कृष्ण कुमार गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि उनकी के.के. इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से दुकान है, जहां इलेक्ट्रॉनिक सामान आता–जाता रहता है। उनका आरोप है कि पड़ोसी दुकानदार पंकज ग्रोवर अक्सर दुकान के बाहर रखे सामान पर पानी डालता था। 22 मई की शाम सामान आने के दौरान विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पंकज ग्रोवर ने अपने पुत्र रोनक ग्रोवर को बुलाया, जो कुछ अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और दुकान में घुसकर उनके तथा उनके पुत्रों मनीष गोस्वामी और शिवम गोस्वामी के साथ मारपीट की। तहरीर में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पंकज ग्रोवर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी दुकान के बाहर पानी डाले जाने को लेकर विवाद हुआ था। उनका कहना है कि पड़ोसी दुकान संचालकों ने उनकी दुकान में आकर अभद्रता की और बाद में उन्हें अपनी दुकान में खींचकर मारपीट की। पंकज ग्रोवर ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र रोनक ग्रोवर को भी बीच–बचाव करने पर पीटा गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच के बाद प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लिटिल किंगडम स्कूल का समर कैंप संपन्न, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में आयोजित बहुप्रतीक्षित समर कैंप का समापन उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कई दिनों तक चले इस कैंप में विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को निखारा। समापन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य समारोह के साथ हुआ था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई, जिसमें ज्ञान, सफलता और सकारात्मक सोच का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी तथा कोऑर्डिनेटर लक्ष्य शर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अवकाश के समय का रचनात्मक उपयोग करने और अपनी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विशेष एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न रोमांचक गतिविधियों का आनंद लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विशेष मूवी शो का आयोजन किया गया। परिसर में लगाए गए फूड स्टॉल बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे, जहां उन्होंने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। समर कैंप के दौरान यूकेजी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सत्रों में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने मैजिक शो, जुम्बा, डांस, वोकल म्यूजिक, इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक, टैटू आर्ट, पेंटिंग, ज्वेलरी मेकिंग सहित कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रुचियों को पहचानने और नए कौशल सीखने का अवसर मिला। वहीं प्लेग्रुप से एलकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, क्राफ्ट, स्विमिंग, बेकरी, फन आर्ट, इंडोर गेम्स तथा कुकिंग विदाउट फायर जैसी विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों ने बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि मैजिक शो से जुड़ी प्रस्तुतियों ने सभी को आश्चर्यचकित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स, ज्वेलरी, हस्तशिल्प और अन्य कलात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। समापन अवसर पर समर कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, स्मृति कार्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षिकाओं, अभिभावकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समर कैंप का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने, आनंद लेने और नई प्रतिभाओं को विकसित करने का यादगार अनुभव बनकर संपन्न हुआ।









## पेज एक का शेष...

**नई सोच नए आत्मविश्वास के साथ...**बल्कि उन्हें नवाचार, अनुसंधान, स्टार्टअप, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण के केंद्र के रूप में विकसित होना होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीकी शिक्षा के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। इसके माध्यम से छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि देवों और तप की भूमि है। यहां की संस्कृति और परम्पराएं विश्व को शांति का सन्देश देती हैं। उन्होंने कहा कि यहां स्थित चारों धाम के दर्शन कर सभी का जीवन सफल हो जाता है। श्री नवीन ने कहा कि भारत को पहले सोने की चिड़िया कहा जाता था। आज भी भारत जिस प्रकार से साइंस व विकास के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है सोने की चिड़िया से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश के वैज्ञानिकों ने नई टेक्नोलॉजी से सब कुछ बदल दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन से वैज्ञानिक लगातार नये नये रिसर्च कर रहे हैं। जिन शिक्षित युवाओं को पहले विभिन्न क्षेत्रों में रिसर्च करने के लिए विदेश जाना पड़ता था आज सभी रिसर्च की सुविधा देश में ही उपलब्ध करा दी गई है। श्री नवीन ने कहा कि देश में मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उद्योगों को प्रोत्साहित करने से देश में उत्पादन क्षमता भी बढ़ रही है। देश का युवा आज रोजगार पाने के साथ रोजगार देने वाला बन रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई शिक्षा नीति बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आज देश में शिक्षा के क्षेत्र में जो कमियां है उन्हें दूर किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का लक्ष्य रखें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का संगठन भी लगातार समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर राष्ट्रहित के विषयों पर सकारात्मक चर्चा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब शिक्षा, कौशल, तकनीक और नैतिक मूल्यों का संतुलित समावेश समाज में होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड आज विकास, निवेश, रोजगार और सुशासन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। नई शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी तकनीकी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। धामी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय विकास का भी संकल्प है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड इस राष्ट्रीय अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में निवेश बढ़ाने, उद्योगों को प्रोत्साहन देने, पर्यटन को नई दिशा देने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे अपनी प्रतिभा, नवाचार और सकारात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज का युवा भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है और यही शक्ति विकसित भारत के सपने को साकार करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने उच्च शिक्षा में अनुसंधान, कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नवाचार और उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री धामी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया गया।

**उत्तराखंड में दिखा...**पर ही जीते जाएंगे। बैठकों के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पिछले चुनाव में भाजपा जिन 23 विधानसभा सीटों पर पराजित हुई थी, उन पर विशेष फोकस करने का आह्वान किया। उन्होंने सांसदों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि हार वाली सीटों को जीत में बदलना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में प्रभावशाली और बुद्धिजीवी लोगों की सूची तैयार करने, उनसे निरंतर संवाद बनाए रखने तथा उन समुदायों तक पहुंच मजबूत करने के निर्देश दिए गए जहां पार्टी की पकड़ अपेक्षाकृत कमजोर है। नितिन नवीन ने स्पष्ट कहा कि केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि लगातार जनसंपर्क और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से नए वर्गों को भाजपा से जोड़ना होगा। उन्होंने प्रत्येक विधायक और जनप्रतिनिधि को अपनी विधानसभा में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका तैयार कर जन-जन तक पहुंचाने की सलाह दी, ताकि जनता को सरकार और जनप्रतिनिधियों के कार्यों की वास्तविक जानकारी मिल सके। बैठकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष की तैयारी और जानकारी का स्तर भी चर्चा का विषय रहा। बूथों पर हुए कार्यों, संगठनात्मक गतिविधियों, विधायकों की सक्रियता और संगठन के भीतर के माहौल तक की जानकारी उनके पास पहले से मौजूद थी। जब किसी पदाधिकारी ने बढ़ा-चढ़ाकर आंकड़े प्रस्तुत किए तो उन्होंने तत्काल वास्तविक स्थिति बताते हुए उसे सुधार दिया। इससे स्पष्ट संदेश गया कि भाजपा नेतृत्व केवल रिपोर्टों पर नहीं, बल्कि जमीनी फीडबैक पर भरोसा करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठनात्मक अनुशासन पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने दो टूक कहा कि संगठन और परिवार की बातें घर की चारदीवारी के भीतर ही रहनी चाहिए। मतभेदों को सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया तक ले जाना संगठन के हित में नहीं है। उन्होंने एकजुटता को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी को समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लक्ष्य को सामने रखते हुए नितिन नवीन ने आम कार्यकर्ता से लेकर सांसद तक हर स्तर के पदाधिकारियों को सक्रिय मोड में आने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हैट्रिक केवल नारों से नहीं, बल्कि बूथ स्तर की मजबूत तैयारी, सामाजिक विस्तार, प्रभावी जनसंपर्क और संगठनात्मक अनुशासन से ही संभव होगी।

**बूथ अध्यक्ष के घर...**मंत्रोच्चार के बीच भगवान टपकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न की। इसके बाद उन्होंने मंदिर में आयोजित आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। पूजा-अर्चना के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंदिर परिसर का भ्रमण भी किया और मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर टपकेश्वर मंदिर के महंत कृष्णा गिरी महाराज एवं दिगंबर भरत गिरी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भगवान टपकेश्वर महादेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल नेतृत्व की कामना की। मंदिर दर्शन के बाद नितिन नवीन संगठन की बूथ सशक्तिकरण नीति को धरातल पर उतारते हुए गढ़ी कैंट क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष किशोर कुमार के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने बूथ अध्यक्ष और उनके परिवार के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात की तथा संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क से जुड़े अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष के घर पर परिवार के साथ बैठकर जलपान भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही भाजपा की लगातार सफलता का आधार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस कार्यक्रम को संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद एवं आत्मीयता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**दो भीषण सड़क हादसों....**मीटर गहरी खाई में जा गिरी। वाहन में चालक समेत पांच लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव अभियान शुरू किया। दुर्घटना में महाराष्ट्र के नागपुर निवासी लक्ष्मी दामोदर रामटेककर (67) और दामोदर हरीराम रामटेककर (77) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों चारधाम यात्रा पर आए हुए थे। वहीं विमल कुमार (61) और उपासना (54) निवासी भुवनेश्वर, ओडिशा तथा वाहन चालक यशवीर (35) निवासी पंजाब घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। इधर, शनिवार तड़के चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में एक और दर्दनाक हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े तीन बजे देहरादून से देवाल के वाक गांव जा रही एक वैन ल्वाणी गांव के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत तथा तीन अन्य के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, डीडीआरएफ और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि ग्राम बांक लोहागंज निवासी बलबीर सिंह अपने पारिवारिक सदस्य स्वर्गीय भजन सिंह का पार्थिव शरीर देहरादून से गांव ला रहे थे, वाहन में परिवार के अन्य सदस्य भी सवार थे, ल्वाणी के जंगल क्षेत्र में पहुंचने पर इको वैन अचानक नियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में 52 वर्षीय बलबीर सिंह, उनकी पत्नी 48 वर्षीय शांति देवी, 18 वर्षीय पुत्र आंशु बिष्ट, की मौके पर ही मौत हो गयी। वही 32 वर्षीय कविता देवी, 8 वर्षीय मयंक सिंह, और 18 वर्षीय रोशनी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। दो दिनों के भीतर हुए इन हादसों ने एक बार फिर पहाड़ी मार्गों पर सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात प्रबंधन की चुनौतियों को उजागर कर दिया है।

**खाई में गिरा...**टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। स्थानीय लोगों की सहायता से खाई में गिरे वाहन तक पहुंचकर चालक को बाहर निकाला गया और तत्काल 108 एंबुलेंस से देवायल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राकेश चन्द्र उर्फ जग्गु (28 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय गोपाल दत्त रेखाड़ी, निवासी ग्राम बसोली, विकासखंड सल्ट, जनपद अल्मोड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। राकेश चन्द्र की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि वह परिवार का मुख्य सहारा था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी वृद्ध मां के साथ रहकर परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहा था। घर की आर्थिक स्थिति भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी शोक की लहर फैल गई है और क्षेत्र के लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**रूद्रपुर में १.४५ करोड़ से बनेगा...**निस्तारण में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ संक्रमण और दुर्गंध की समस्या भी उत्पन्न होती थी। अब इस परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद इन समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और लगातार हो रहे शहरी विस्तार को देखते हुए आधुनिक पशु शव दाह गृह की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण थी। कई बार सड़क किनारे, खाली स्थानों या अन्य क्षेत्रों में मृत पशुओं के पड़े रहने से न केवल वातावरण दूषित होता है, बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गैस बेस्ड इनसिनरेटर की स्थापना के बाद पशु शवों का त्वरित और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा, जिससे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलेगी। महापौर ने बताया कि इस आधुनिक तकनीक में उच्च तापमान पर पशु शवों को निस्तारित किया जाएगा, जिससे प्रदूषण का स्तर न्यूनतम रहेगा। पारंपरिक तरीकों की तुलना में यह व्यवस्था अधिक सुरक्षित, प्रभावी और पर्यावरण हितैषी होगी। इससे भूजल, वायु और आसपास के पर्यावरण को होने वाले नुकसान को भी काफी हद तक रोका जा सकेगा। विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम लगातार आधुनिक तकनीकों और नवीन व्यवस्थाओं को अपनाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों को नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पशु शव दाह गृह की स्थापना नगर निगम के स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। महापौर ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन तथा शहरी विकास विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से रुद्रपुर में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है और शहर आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम रुद्रपुर को प्रदेश के अग्रणी और आधुनिक नगर निगमों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, यातायात, पेयजल और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। महापौर ने विश्वास जताया कि गैस बेस्ड पशु शव दाह गृह की स्थापना के बाद शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और इसका सीधा लाभ आम नागरिकों को प्राप्त होगा।

**पूछा पांडे जी चाहते ...**बी.एल. संतोष को पूरे प्रकरण की पहले से जानकारी थी। इसी कारण इस मुद्दे पर अधिक चर्चा नहीं की गई और नेतृत्व ने संक्षिप्त रूप से अपनी प्रतिक्रिया देकर विषय को आगे नहीं बढ़ाया।

## युवती हुई लापता

काशीपुर। पेपर देने गई एक युवती संदिग्ध परिस्थितियो में लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज की है। कटोरताल चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसकी 23 वर्षीय पुत्री 19 मई को स्वार पेपर देने के लिये निकली थी। जोकि अभी तक घर वापस नहीं आयी है।

### सूचना

मैंने वर्ष 2021 में हाईस्कूल की परीक्षा संस्थागत राजकीय इण्टर कॉलेज शक्तिफार्म, उधमसिंह नगर से उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक-21122903 है। उक्त अंकतालिका 26 मई 2026 को शक्तिफार्म बाजार में कहीं गुम हो गयी है। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली।

राहुल राय पुत्र श्री सुनील राय,नि०-
अरविन्दनगर रतनफार्म नं02 ,थाना-
सितारगंज, उधमसिंह नगर,उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भगवान के दर पर 'भेदभाव' को आधिकारिक मान्यता

## वीआईपी कल्चर को बीकेटीसी की हरी झंडी,प्रोटोकॉल के तहत बदरीनाथ व केदारनाथ धाम पहुंचने वाले दर्शनार्थी 1100 रुपये देकर कर सकेंगे वीआईपी दर्शन

-अर्श-

देहरादून। बेशक, भगवान अपने सभी भक्तों को समभाव से देखते हों और अपने दर पर पहुंचने वाले प्रत्येक भक्त पर समान रूप से कृपा बरसाते हों, लेकिन उत्तराखंड में बदरीनाथ व केदारनाथ मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था बीकेटीसी ने भगवान के दर पर आर्थिक भेदभाव को बढ़ाने की पूरी तैयारी कर ली है। ज्ञात हो कि चार धाम यात्रा करने वाले भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है और बदरीनाथ व केदारनाथ के मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ जुटने लगी है। लिहाजा, मंदिर के पट खुलने से पहले ही बदरीनाथ व केदारनाथ में दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती हैं और भक्तों को दर्शन के लिए अच्छा खासा इंतजार करना पड़ता है। खास बात तो यह है कि मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वाले वीआईपी श्रद्धालुओं के चलते सामान्य दर्शनार्थियों का इंतजार और भी लंबा हो जाता है ।ऐसे में जरूरत तो इस बात की थी कि भगवान के दर पर वीआईपी कल्चर को खत्म किया जाकर, सभी भक्तों के साथ एक समान व्यवहार किया जाता, लेकिन आम श्रद्धालुओं की अपेक्षाओं की बिल्कुल विपरीत बदरीनाथ एवं केदारनाथ मंदिर का प्रबंध देखने वाली संस्था बीकेटीसी ने एक एसओपी जारी करके भगवान के दर पर आर्थिक भेदभाव को आधिकारिक मान्यता दे दी है। बीकेटीसी के अनुसार विभिन्न राज्यों से आने वाले तीर्थयात्री वीआईपी सिफारिश लेकर भारी संख्या में मंदिर परिसर के गेट नंबर दो पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में परिसर में भीड़ बढ़ने से अव्यवस्था पैदा हो रही है। लिहाजा, सामान्य श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन कर दिया है।



एसओपी के अनुसार अब प्रोटोकॉल के आधार पर वीआईपी अतिथियों के दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 1100 रुपये सहयोग राशि ली जाएगी साथ ही बीकेटीसी ने मंदिर परिसर से प्रोटोकॉल कार्यालय को नीलकंठ विश्राम गृह में स्थानांतरित भी कर दिया है।बीकेटीसी के मुख्य कार्याधि कारी सोहन सिंह रांगड़ ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रोटोकॉल सूचना के आधार पर बीकेटीसी की ओर से दर्शन के लिए पर्ची जारी कर सहयोग राशि ली जाएगी। उनके अनुसार बीकेटीसी का मकसद लाइन में लगने वाले श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन कराना है। इस क्रम में प्रोटोकॉल में आने वाले अतिथियों के दर्शन में पारदर्शी व्यवस्था व सामान्य श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए वीआईपी अतिथियों से दर्शन के लिए 1100 रुपये शुल्क लिया जाएगा।

# डॉली रेंज के जंगल में भालू का हमला, पशुपालक गंभीर घायल

शक्तिफार्म। डॉली रेंज के जंगल में चारा लेने गए एक पशुपालक पर शुक्रवार दोपहर अचानक भालू ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर किसी तरह भालू को जंगल की ओर भगाया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार आनंद नगर तिलियापुर निवासी त्रिलोक राम पुत्र मनीराम (30 वर्ष) रोज की तरह मवेशियों के लिए चारा काटने डॉली रेंज के जंगल में गए थे। बताया जा रहा है कि गांव के पास कटना नदी किनारे झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। भालू ने त्रिलोक राम को जमीन पर पटक दिया और घायल कर दिया। त्रिलोक राम की चीख-पुकार सुनकर साथ मौजूद ग्रामीण और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। घायल अवस्था में परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल उप जिला चिकित्सालय सितारगंज ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में डॉली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी नवीन पवार ने बताया कि विभाग को अभी तक घटना की औपचारिक सूचना नहीं मिली है।मामले की जांच कराई जा रही है, तथा नियमानुसार घायल को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद आनंद नगर, तिलियापुर तथा डॉली रेंज से लगे आसपास के गांवों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी रखने की मांग की है।








# एसटीएच में 'आयुष्मान मित्र' टीम बनी गरीबों का सहारा

## महज छह माह में तीन हजार से अधिक मरीजों को गोल्डन कार्ड से जोड़कर दिया जीवनदान

हल्द्वानी (संवाददाता)। बढ़ते चिकित्सा खर्च और महंगे इलाज के दौर में कुमाऊं के सबसे बड़े राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध सुशीला तिवारी अस्पताल से राहत देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना केवल सरकारी योजना बनकर नहीं रह गई है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो रही है। अस्पताल में तैनात आयुष्मान मित्रों की टीम हजारों जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क उपचार का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सुशीला तिवारी अस्पताल में पिछले चार वर्षों से कार्यरत आठ सदस्यीय आयुष्मान मित्र टीम लगातार मरीजों की सहायता में जुटी हुई है। राइटर इंफॉर्मेशन कंपनी के माध्यम से नियुक्त यह टीम अस्पताल में आने वाले पात्र मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने, गोल्डन कार्ड बनाने, दस्तावेजों का सत्यापन कराने तथा भर्ती और क्लेम संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने का कार्य कर रही है। अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार बीते छह माह के दौरान टीम ने 3000 से अधिक नए आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर हजारों परिवारों को मुफ्त उपचार की सुविधा से जोड़ा है। टीम के सदस्य केवल काउंटर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि प्रतिदिन अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संपर्क करते हैं। इस दौरान वे पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने के साथ-साथ आवश्यक कागजी औपचारिकताएं भी पूरी कराते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनेक मरीज और उनके परिजन अक्सर सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। ऐसे में आयुष्मान मित्र उन्हें योजना की जानकारी देने के साथ-साथ उपचार से संबंधित प्रक्रियाओं को आसान बनाते हैं। इससे मरीजों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलती है और समय पर इलाज उपलब्ध हो पाता है। अस्पताल में तैनात इस टीम में नीमा, आरती रावत, भावना बिष्ट, आशीष, पंकज, कपिल, गोविंद और विजय शामिल हैं। टीम के सदस्य मरीजों की सहायता के साथ-साथ उन्हें मानसिक संबल भी प्रदान करते हैं। उनकी सक्रियता के चलते अस्पताल में बिचौलियों और दलालों की भूमिका भी काफी हद तक सीमित हुई है तथा पात्र मरीज सीधे योजना का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं। आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह ने बताया कि सुशीला तिवारी अस्पताल में कार्यरत आयुष्मान मित्र टीम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में 3000 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाना टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनका कहना है कि विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल धन के अभाव में उपचार से वंचित न रहे।



# मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिला मंत्री एवं पंतनगर मंडल प्रभारी प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के आगामी प्रसारण को लेकर पंतनगर मंडल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कल 31 मई दिन रविवार को प्रात: 11बजे से प्रसारित होने वाले ष्मन की बातष्कार्यक्रम की तैयारियों, बूथ स्तर पर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रधानमंत्री के विचारों एवं संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 करोड़ नागरिकों के साथ संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। प्रधानमंत्री अपने विचारों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात ने देश के सामान्य नागरिकों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य किया है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मंच बन गया है। प्रमोद मित्तल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम के सफल आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य कर रहा है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पहचान दिलाने के साथ-साथ राष्ट्रहित के विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बना है। बैठक में श्रीमती पिंकी डिमरी, आशीष ढांडा, टीकम परिहार, एम.पी. सिंह, धनुज यादव, गंगा पपोला, शशिकांत मिश्रा, सर्वेश राय, सचिन शर्मा, मनीष शुक्ला, मोहन सिंह कोरंगा, लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, गिरीश नेगी, हरीश भट्ट, परमाल सिंह, सतेंद्र रावत सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

